**Panel for Section Officers**

2190. **Dr. Melkote:**
**Shri Shivaji Rao S. Deshmukh:**
**Shri M. M. Haq:**
**Shrimati Sarojini Mahishi:**
**Shri Chuni Lal:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 1071 on the 28th May, 1962 regarding panel for Section Officers and state:

(a) whether Government have accepted the advice of the U.P.S.C. in this matter;

(b) if not, the reasons therefor; and

(c) if panel is formed, how Government propose to safeguard the interests of thouaands of Assistants who will be adversely affected as a result thereof?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar):** (a( to (c). The whole matter is still under consideration.

**साहित्य अकादमी पुरस्कार**

२१९२. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या **वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि साहित्य अकादमी द्वारा श्रेष्ठ रचनाओं पर पुरस्कार देने के जो नियम थे उनमें हाल में कुछ परिवर्तन किये गये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो वे क्या हैं ?

**वैज्ञानिक अनुसन्धान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर)** : (क) जी हां ।

(ख) (i) अकादमी पुरस्कार पिछले तीन वर्षों में प्रकाशित व्यक्तिगत रचना की साहित्यिक योग्यता के आधार पर दिया जाता रहेगा । लेकिन लेखक की कुल रचनाओं और साहित्यिक स्तर का भी यथेष्ट ध्यान रखा जायेगा ।

(ii) लेखक की मृत्यु के बाद का प्रकाशन पुरस्कार के योग्य तभी माना जाएगा यदि उसका प्रकाशन लेखक की मृत्यु के तीन साल के अन्दर हो चुका हो ।

(iii) कोई भी लेखक जो एक बार पुरस्कार पा चुका हो, दुबारा पुरस्कार का अधिकारी नहीं होगा ।

**Military Training School in Punjab**

2193. **Shri D. C. Sharma:** Will the **Minister of Defence** be pleased to state:

(a) whether there is a proposal to establish a military training school in Punjab during the Third Five Year Plan period; and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of Defence (Shri Krishna Menon):** (a) and (b). Punjab Government have at present under consideration a proposal to seek authority for a third sainik school. Details are being worked out.

**Low Voltage Air Brake Contactors etc.**

2194. **Shri Himatsingka:** Will the Minister of **Steel and Heavy Industries** be pleased to state:

(a) whether Hindustan Machine Tools do not purchase items like low voltage air brake contactors, 3-phase relays and diazed type cartridge fuses from indigenous sources on the ground that the prices of the local products are costlier; and

(b) whether Government have any proposal under consideration to see that the Hindustan Machine Tools procure supplies from indigenous sources and thereby save foreign exchange?

**The Minister of Steel and Heavy Industries (Shri C. Subramaniam):** (a) and (b). The policy of the Government has always been to ensure that indigenous sources are utilised to the maximum extent subject to technical suitability. As far as possible the Hindustan Machine Tools Limited makes its purchases from indigenous sources, provided the items are of the requisite quality and suit its technical requirements.

### विद्यार्थियों के लिये विदेशी मुद्रा

**२१६५. श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार उन छात्रों अथवा व्यक्तियों को भी विदेश जाने के लिये विदेशी मुद्रा नहीं दे रही है जो अपने सारे व्यय का भार दूसरे देशों में वहन करने के लिये प्रस्तुत हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्यों ?

**वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :** (क) और (ख). सम्भवतः माननीय सदस्य उन व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा नहीं, बल्कि विदेश यात्रा की अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं जो विदेश में अपने खर्च का प्रबन्ध खुद ही करने को तयार हैं । ऐसे मामलों में विदेशी मुद्रा दिये जाने का प्रश्न साधारणतः पैदा ही नहीं होता । जहां सरकार या भारतीय रिजर्व बैंक को प्रबन्ध की सचाई के सम्बन्ध में सन्तोष हो जाता है, वहां यात्रा की अनुमति दे दी जाती है । ऐसे कुछ मामलों में अनुमति नहीं दी गई जिनमें सन्देह था और जिनके बारे में यह खयाल हुआ कि वे मुआवजे की व्यवस्था के रूप में हैं ।

### नई दिल्ली में प्राइमरी और मिडिल स्कूल

**२१९६. श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई दिल्ली नगर पालिका क्षेत्र में सरकारी अथवा निजी प्रबन्धकों की देख-रेख में कितने प्राइमरी और मिडिल स्कूल चल रहे हैं ;

(ख) क्या इन स्कलों को दिल्ली प्रशासन अथवा स्थानीय निकायों द्वारा अनुदान दिया जाता है ;

(ग) क्या यह सच है कि इन स्कलों को बहुत समय से यह सहायता प्राप्त नहीं हो सकी है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इन स्कूलों के अध्यापकों के तथा और अन्य कर्मचारियों के कई मास के वेतन नहीं मिले हैं ;

(ङ) यदि हां, तो इस प्रकार की कठिनाई भविष्य में इन स्कूलों के सामने न आये इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है ; और

(च) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ?

**शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) :** (क)

| | प्राइमरी स्कूल | मिडिल स्कूल |
|---|---|---|
| (i) सरकारी | — | २ |
| (ii) निजी, सहायता प्राप्त | ७ | ४ |

(ख) नई-दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में स्थित निजी प्राइमरी स्कूलों, और मिडिल स्कूलों के प्राइमरी विभागों को सहायता-अनुदान नई दिल्ली नगरपालिका द्वारा और मिडिल स्कूलों के मिडिल विभागों को दिल्ली प्रशासन द्वारा दिया जाता है ।

(ग) दिल्ली प्रशासन ने नई दिल्ली नगरपालिका से मिडिल स्कूलों के मिडिल